अत्यावश्यक
पंचायत उप निर्वाचन, 2023

राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्रांक – पं.नि. 30–20 / 2023 4110

प्रेषक,

संयुक्त सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार

सेवा में,

जिला पदाधिकारी –सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
पूर्वी चम्पारण।

पटना, दिनांक – 7-12-23

विषयः– पंचायत उप निर्वाचन 2023– ढाका प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज गहई के मुखिया पद का निर्वाचन कराने हेतु मार्गदर्शन देने के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक–525 दिनांक 04.12.2023

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा ढाका प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत गहई के मुखिया पद का निर्वाचन कराये जाने के संबंध में मार्गदर्शन की मांग की गई है।

उल्लेखनीय है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दाखिल याचिका CWJC No.-6226/2023 (श्रीमती रागिनी कुमारी बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) में दिनांक 24.11.2023 को आदेश पारित करते हुए संबंधित याचिका को खारिज कर दिया गया है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में ढाका प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत गहई के रिक्त मुखिया पद पर उप–निर्वाचन पंचायती राज विभाग के अधिसूचना संख्या 15475 दिनांक 04.12.2023 तथा आयोग के पत्रांक 4072 दिनांक 04.12.2023 के आलोक में सम्पन्न कराये जायेगें।

अनुरोध है कि तद्नुसार कार्रवाई की जाए एवं तत्संबंधी निदेश से सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन
ह०/- 7/12/23
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– पं.नि. 30–20 / 2023 4110 पटना, दिनांक– 7-12-23

प्रतिलिपि : आयुक्त, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/- 7/12/23
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– पं.नि. 30–20 / 2023 4110 पटना, दिनांक– 7-12-23

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/- 7/12/23
संयुक्त सचिव

ह०/- 7.12.23

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994, E-mail: secbihar@gmail.com